# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया और डीपीएस बने चैंपियन

संवाद न्यूज एजेंसी

**कानपुर।** सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर और डीपीएस आजाद नगर ने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर जोन ए टेबल टेनिस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। कानपुर सहोदय स्कूल्स (केएसएस) की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में सीबीएसई से संबद्ध 15 छात्रों और 10 छात्राओं की टीमों ने हिस्सा लिया।

बालक वर्ग में सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर और बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर ने चैंपियन बने। बालक वर्ग में आशुतोष गुप्ता ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में काव्या शाह विजेता रहीं। संचालन मुख्य रेफरी संजय टंडन और उनकी टीम ने टेबल टेनिस एसोसिएशन के नियमों के अनुरूप कराया। समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक, विशिष्ट अतिथि हरमिलाप मिशन स्कूल की निदेशक मीनू गोसाईं, श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर की निदेशक शोभा दास और प्रधानाचार्या स्मिता त्रिवेदी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए।

**कानपुर सहोदय स्कूल्स की ओर से हुई प्रतियोगिता**




केएसएस टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व अन्य। संवाद

# राष्ट्रीय बुकीडो प्रतियोगिता के लिए 26 जुलाई को होगा चयन

**कानपुर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आठ से 10 अगस्त तक राष्ट्रीय बुकीडो प्रतियोगिता होगी। उत्तर प्रदेश टीम का चयन 26 जुलाई को कानपुर में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया का आयोजन उत्तर प्रदेश बुकीडो एसोसिएशन की ओर से कल्याणपुर गूबा गार्डन स्थित साई पब्लिक इंटर कॉलेज में होगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश बुकीडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन बुकीडो एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश की ओर से इंटरनेशनल स्टेडियम, खेलगांव, हजीरा (ग्वालियर) में कराया जाएगा। इसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। (संवाद)